श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी -4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली - 110016

क्रमांक एफ-14/ला.ब.शा.रा.सं.वि./शिक्षा/प्रवेश2026-27/01 दिनांक 04/05/2026

शिक्षाशास्त्री एवं शिक्षाचार्य प्रवेश हेतु पंजीकरण सूचना
(सीयूईटी-पी.जी. 2026)

विषय: विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी-पी.जी. 2026) के आधार पर श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में शिक्षाशास्त्री एवं शिक्षाचार्य प्रवेश हेतु पंजीकरण के सन्दर्भ में।

सूचित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों द्वारा श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में शिक्षाशास्त्री एवं शिक्षाचार्य प्रवेश हेतु एन.टी.ए. द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा में भाग लिया था वे अभ्यर्थी प्रवेश हेतु ऑनलाईन माध्यम से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर निर्धारित पोर्टल https://slbsrsvcuet.edu.in/pg/ पर दिनांक 08.05.2026 से 25.05.2026 तक पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण हेतु 300/- रूपये ऑनलाईन माध्यम से जमा करवाना अनिवार्य होगा।

अभ्यर्थी सावधानीपूर्वक अपना आवेदन पत्र भरें तथा अपनी अर्हता के अनुसार परम्परागत (शास्त्री,आचार्य) या आधुनिक (बी.ए.-संस्कृत, एम.ए.-संस्कृत) धारा का उल्लेख करें। प्रवेश हेतु पंजीकरण के उपरान्त अभ्यर्थी द्वारा भरे गये विवरण में किसी भी प्रकार का संशोधन नही किया जायेगा। अभ्यर्थी द्वारा भरे गये विवरण के अनुसार ही प्रवेश समिति द्वारा काउंसलिंग हेतु आमंत्रित किया जायेगा।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार उक्त प्रवेश परीक्षा में प्राप्त स्कोर की वरीयता सूची के अनुसार प्रवेश समिति की अनुशंसा के आधार पर प्रवेश प्रदान किया जायेगा। प्रवेश हेतु काउंसलिंग प्रक्रिया से संबंधित सूचना पृथक से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी की जायेगी।

/
सहायक कुलसचिव (शिक्षा)

प्रतिलिपि:-

1. पीठाध्यक्ष शिक्षापीठ
2. निदेशक IQAC एवं कुलानुशासक
3. परीक्षा नियंत्रक
4. उपकुलसचिव (लेखा एवं विकास)
5. जनसंपर्क सूचना अधिकारी
6. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि ऑनलाईन माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न करने तथा उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
7. निजी सचिव कुलपति, कुलसचिव, वित्ताधिकारी
8. निजी सहायक
9. सम्बन्धित पंजिका

सहायक कुलसचिव (शिक्षा)

श्री सचिव
04/05/26